डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब०/२०५१/2026 दिनांक : 12/11/2026

सेवा में,

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
2. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालय, जनपद– आगरा

विषयः– निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2027 के अन्तर्गत स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता गतिविधियों के संचालन एवं व्यापक प्रचार–प्रसार के सम्बन्ध में।

महोदय,

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2027 के अन्तर्गत पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं एवं प्रथम बार मतदाता बनने वाले विद्यार्थियों का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने, मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप (SVEEP) के अन्तर्गत व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

उक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय के समस्त आवासीय परिसरों एवं सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालयों में स्वीप के अन्तर्गत विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। इसके अन्तर्गत विद्यार्थियों एवं युवाओं को मतदाता पंजीकरण हेतु प्रेरित करने, पात्र विद्यार्थियों के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने, रैली, शपथ ग्रहण, संगोष्ठी, निबन्ध/पोस्टर प्रतियोगिता एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करें।

साथ ही, आयोजित कार्यक्रमों की गतिविधिवार आख्या एवं फोटोग्राफ सहित अनुपालन आख्या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि उक्त कार्यक्रमों का प्रभावी अनुश्रवण एवं सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारियों को सूचना प्रेषित की जा सके।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी/जिला निर्वाचक अधिकारी, आगरा, महोदय को सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. प्रो० बी०पी० सिंह, प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉग–इन आई०डी० एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

कुलसचिव